भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1721

10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

विषयः- कृषि विकास के लिए निधि

1721. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान वर्ष के बजट में ग्रामीण क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के लिए प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित निधि कितनी है;

(ख) कृषि विकास के लिए आवंटित कुल बजट का प्रतिशत क्या है; और

(ग) क्या अब तक कोई प्राथमिकता वाले क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)

(क): ग्रामीण सेक्टर और कृषि सेक्टर के लिए बजटीय आवंटन प्रत्येक वर्ष सरकार की अलग-अलग योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत किया जाता है, जिसमें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा क्रियान्वित की गई योजनाएं शामिल हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में, ग्रामीण सेक्टर और कृषि सेक्टर के विकास के लिए, ग्रामीण विकास मंत्रालय और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को क्रमशः 190405.53 करोड़ रुपये और 137756.55 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

(ख): कृषि विकास के उद्देश्य के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को कुल बजट का 2.71% बजट आवंटित किया गया है।

(ग): कृषि राज्य का विषय है, हालांकि, भारत सरकार अलग-अलग योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की नीति निर्माण करने और क्रियान्वित करने के लिए प्राथमिक क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उत्पादन में सुधार करके किसानों की आय में वृद्धि करना, फसल विविधीकरण, खेती की लागत कम करना, बाजारों तक बेहतर पहुंच, खाद्य और पोषण सुरक्षा को बेहतर बनाना, फसल बीमा के माध्यम से किसानों के जोखिम को कम करना और आय सुरक्षा, मशीनीकरण, डिजिटल कृषि, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना; सिंचाई कवरेज का विस्तार और जल के उपयोग की दक्षता में सुधार; किसानों को जानकारी और कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए क्षमता निर्माण और विस्तार सेवाएं शामिल है। उभरती चुनौतियों और सेक्टर से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए, सरकार द्वारा समय-समय पर इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की समीक्षा की जाती है।

*****